# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : प्रशा०/405/2024 दिनांक : /08/2024

सेवा में,

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. मुख्य प्रानुशासक, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक, आवासीय संस्थान।
4. प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
5. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय।
   डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय : "काकोरी ट्रेन एक्शन" की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ के पत्र संख्या : 364/रा0उ0शि0प0/53/19टी0सी0 दिनांक 05.08.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से काकोरी ट्रेन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में "काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव" के अन्तर्गत 09 अगस्त, 2024 से 09 अगस्त, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष पर्यनत जन सहयोग के साथ शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुये है।

उक्त के क्रम में समस्त से अनुरोध है कि "काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह" को सफल बनाये जाने हेतु शासन द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुये कार्यक्रमों की सूचना समय–समय पर उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन की ई मेल आई0डी0 **hesection.3@gmail.com** एवं उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की ई मेल आई0डी0 **upshec@gmail.com** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

उप कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ।
2. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
4. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5. प्रो0 बी0डी0 शुक्ला, इतिहास विभाग।
6. उप कुलसचिव, प्रशासन।
7. प्रभारी–कुलपति सचिवालय/कैम्प कार्यालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
8. प्रभारी वेब–साइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लोगिन में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
9. गार्ड फाइल।

उप कुलसचिव

E-mail : upshec@gmail.com,
Website : www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

# उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

**619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001**

पत्रांक : 364/रा0उ0शि0प0/53/19 T.C
दिनांक : 5-8-24

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उ0प्र0।

4. **विशेषकार्याधिकारी तथा जनसम्पर्क अधिकारी,**
राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ0प्र0।

**विषयः "काकोरी ट्रेन एक्शन"** की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के संबंध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या– 286/2024/2219/चार–2024–1835998 दिनांक 02 अगस्त, 2024 (छायाप्रति संलग्न) एवं उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–1910/सत्तर–3–2024 दिनांक 02 अगस्त, 2024 (प्रतिसंलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के शुभारम्भ की तिथि 09 अगस्त, 2024 से क्रांतिकारियों के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा शासनादेश संख्या–1909/सत्तर–3–2024 दिनांक 02 अगस्त, 2024 द्वारा निर्गत की गयी हैं। उक्त आदेश के क्रम में शताब्दी महोत्सव सम्पूर्ण प्रदेश में गतिविधियों के साथ वर्ष–पर्यन्त मनाया जाना है।

इस संबंध मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **काकोरी ट्रेन एक्शन** की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत 09 अगस्त, 2024 से 09 अगस्त, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष पर्यनत जन सहयोग के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित कराते हुए कार्यक्रमों की सूचना समय–समय पर उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन की ई मेल आई0डी0 hesection.3@gmail.com एवं उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई मेल आई0डी0 upshec@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः**– यथोक्त।

भवदीय

**(डॉ० दिनेश कुमार)**
अपर सचिव

पत्रांक —/रा०उ०शि०प०/—/ तददिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2– कुलपति, समस्त राज्य /निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

**(डॉ० दिनेश कुमार)**
अपर सचिव

उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद लखनऊ
संख्या 273 /2024
दिनांक 05/08/2024

**महत्वपूर्ण**
**संख्या-1910/सत्तर-3-2024**

प्रेषक,

**शिपू गिरि,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,** उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. **कुलसचिव,** समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी**, उ0प्र0।
4. **विशेषकार्याधिकारी तथा जनसम्पर्क अधिकारी,** राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ0प्र0।
5. **अपर सचिव,** उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 02 अगस्त, 2024

**विषयः "काकोरी ट्रेन एक्शन" की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-286/2024/2219/चार-2024-1835998, दिनांक 02, अगस्त, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के शुभारम्भ की तिथि दिनांक 09 अगस्त, 2024 से क्रांतिकारियों के सम्मान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा शासनादेश संख्या- 1909/सत्तर-3-2024, दिनांक 02 अगस्त, 2024 द्वारा निर्गत की गयी है। उक्त आदेश के क्रम में शताब्दी महोत्सव सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त मनाया जाना है।

2- काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के शुभारम्भ की तिथि दिनांक 09 अगस्त, 2024 को सभी शहीद स्मारकों/ स्मृति स्थलों/ अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

3- इस अवसर पर शहीदों के परिवारीजन/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजन/भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट किया जाएगा।

4- इस अवसर पर व्यापक स्तर पर किशोर एवं युवाओं के सहयोग एवं सहभागिता से उक्त आयोजन को सफल बनाया जाना है। उक्त आयोजन को व्यापक एवं सफल बनाये जाने हेतु निदेशालय/राज्य एवं निजी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/क्षेत्रीय उच्च अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों/ कर्मचारियों/शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सम्पूर्ण सहभागिता एवं सहयोग प्रदान किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में निम्नानुसार प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा -

<u>1.(क) प्रतियोगिताएं</u>

<u>(1) सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-</u>

काकोरी ट्रेन एक्शन, मैनपुरी षडयंत्र केस, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थानों एवं आजादी के ज्ञात एवं अज्ञात नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

<u>(2) चित्रकला/पेंटिंग प्रतियोगिता-</u>

1857 की क्रांति के स्थानीय नायक, स्थानीय घटनाएं, काकोरी के नायक एवं घटनाएं, 1857 से 1947 तक के क्रांतिकारियों पर आधारित किशोर एवं युवा वर्ग हेतु चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। उत्कृष्ट एवं पुरस्कार प्राप्त कृतियों को विभिन्न स्मारकों, सभागारों, जिलाधिकारी एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में लगाया जायेगा।

<u>(3) निबन्ध प्रतियोगिता-</u>

निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। निबन्ध प्रतियोगिताओं का विषय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों/ विभिन्न घटनाएं एवं स्थलों पर आधारित होगा।

**(4) भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता-**

काकोरी ट्रेन एक्शन के प्रेरणादायी घटनाक्रम एवं काकोरी के नायकों पर आधारित भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन किया जाय।

**1(ख) पुरस्कार-**

उपरिलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपद एवं राज्य स्तर पर किया जायेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार हेतु विजेताओं के चयन हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी के द्वारा चयन समिति का गठन किया जायेगा। विजेताओं को दिनांक 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस के आयोजन पर निम्नवत् पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा:-

| क्र0 | पुरस्कार | जनपद स्तर (पुरस्कार राशि) | राज्य स्तर (पुरस्कार राशि) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम पुरस्कार | रू० 10,000.00 | रू0 51,000.00 |
| 2 | द्वितीय पुरस्कार | रू0 7500.00 | रू0 21,000.00 |
| 3 | तृतीय पुरस्कार | रू० 5000.00 | रू० 11,000.00 |
| 4 | सांत्वना पुरस्कार (सात) | रू० 1000.00 (प्रति) | रू० 5000.00 (प्रति) |

**2 (क) प्रभात फेरिया-**

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत उपरिलिखित समस्त शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा आजादी के नायकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जायेगी, जिसमें राष्ट्र भक्ति के गाने भी गाये जायेंगे। प्रभात फेरी की दूरी लगभग 0.5 किमी० से 1.0 किमी० की होगी जिसमें नागरिक सुरक्षा संगठन एवं पुलिस के द्वारा सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे।

**2 (ख) 'काकोरी ट्रेन एक्शन के घटनाक्रम से अवगत कराया जाना**

समस्त शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्यो एवं अध्यापकों द्वारा प्रार्थना सभा के समय काकोरी ट्रेन एक्शन एवं उसके नायकों/ विभिन्न घटनाओं पर आधारित पूर्ण विवरण जो कि शैक्षणिक संस्थानों को जिलाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा, को छात्र-छात्राओं को पढ़ कर सुनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त समस्त शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों, अमृत वाटिकाओं पर आयोजित

कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित नागरिकों को जायेगा। 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के वृतांत को पढ़कर सुनाया जायेगा।

**2 (ग) सेवा समर्पण-**

विभिन्न नागरिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जन सहभागिता के माध्यम से मानवता के प्रति सेवा धर्म एवं समर्पण विकसित किये जाने हेतु उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन यथा- रक्तदान शिविर आदि का आयोजन किया जायेगा एवं जन सहयोग से अस्पतालों में फल वितरण भी किया जायेगा।

**2 (घ) स्वच्छता अभियान-**

दिनांक 07 एवं 08 अगस्त, 2024 को समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में एवं विशेष रूप से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवरों आदि पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।

**2 (ड.) पौधारोपण-**

दिनांक 09 अगस्त, 2024 को प्रदेश के समस्त शहीद स्मारकों/अमृत सरोवरों/ अमृत वाटिकाओं पर 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम आयोजित करते हुए शहीद स्मृति उपवन की स्थापना की जायेगी, जिसमें न्यूनतम 100 पौधों का रोपण किया जायेगा।

**2 (च) राष्ट्र धुन एवं ब्रास बैण्ड का वादन-**

दिनांक 09 से 15 अगस्त, 2024 के मध्य में प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों/ स्मारकों पर राष्ट्र धुन एवं राष्ट्रभक्ति के गीत बजाये जायेंगे तथा अर्द्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/पुलिस/पी०ए०सी०/होमगार्ड स्काउट गाइड के बैण्ड एन०सी०सी०/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बैण्ड द्वारा यथानुसार राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन किया जायेगा। जिला स्तर पर उत्कृष्ट बैण्ड वादन समूह को रू0 10,000.00 की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

**2. (छ) पोर्टल**

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2024 को आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की फोटो/ वीडियो/ सेल्फी अपलोड करने हेतु संस्कृति विभाग द्वारा एक पोर्टल तैयार किया जायेगा। उक्त फोटो/वीडियो/ सेल्फी नमो एप एवं भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये पोर्टल पर भी अपलोड किये जायेंगे।

5- आई॰आर॰सी॰टी॰सी॰ के माध्यम से काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस सचल प्रदर्शनी ट्रेन का संचालन किया जायेगा।

6- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 09 अगस्त, 2024 से 09 अगस्त, 2025 तक विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त जन सहयोग के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को नमन करते हुए कार्यक्रमों का गरिमामयी आयोजन सुनिश्चित कराते हुये कार्यक्रमों की सूचना समय-समय पर उच्च शिक्षा अनुभाग-3 की ई मेल आई0डी0 hesection.3@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीय,

(शिपू गिरि)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5- संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शिपू गिरि)
विशेष सचिव।

उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद लखनऊ
संख्या 274 /रा०उ०शि०प०/2024
दिनांक 05/08/2024

महत्वपूर्ण

संख्या- 1909 /सत्तर-3-2024

प्रेषक,

**शिपू गिरि,**
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।
2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।
3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी**, उ0प्र0।
4. **विशेषकार्याधिकारी तथा जनसम्पर्क अधिकारी,** राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ0प्र0।
5. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 02 अगस्त, 2024

**विषयः "काकोरी ट्रेन एक्शन" की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-271/2024/1983/चार-2024, दिनांक 19, जुलाई, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के सहयोग के साथ शहीदों को नमन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल के अन्तर्गत निम्न कार्यवाही की जानी है -

(1) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं स्वतंत्रता आन्दोलन विशेष रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी।

(2) काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रसिद्ध इतिहासकारों/विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों/महाविद्यालयों में संवाद।

(3) स्वतंत्रता आंदोलन काकोरी के विशेष संदर्भ में पुस्तकों का विमोचन।

(4) काकोरी के क्रान्तिकारियों पर आधारित किस्सागोई/नाटक

(5) काकोरी ट्रेन एक्शन पर सेमिनारों का आयोजन-विश्वविद्यालयों के इतिहास विभाग द्वारा।

2- इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-271/2024/1983/चार-2024, दिनांक 19, जुलाई, 2024 की छायाप्रति संलग्नक सहित प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीय,

(शिप्रा गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या- 271 /2024/ 1983 /चार-2024

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव,
माध्यमिक शिक्षा विभाग/गृह विभाग/ वन विभाग/ उच्च शिक्षा विभाग / बेसिक शिक्षा विभाग/ पर्यटन विभाग/ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग:　　　　　　　　　　लखनऊः दिनांक 19 जुलाई, 2024

विषय- ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' शताब्दी समारोह के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है। इस ऐतिहासिक घटना को 09 अगस्त, 1925 को लखनऊ जनपद के काकोरी में क्रांतिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्वतंत्रता आंदोलन को धन की आवश्यकता हेतु क्रियान्वयन किया गया था। योजना को मूर्त रूप देने हेतु क्रांतिकारियों द्वारा शाहजहांपुर में बैठक आहूत की गई और इस बैठक में शहीद राम प्रसाद बिस्मिल ने अंग्रेजी सरकार से खजाना प्राप्त करने की योजना बनाई। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त, 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को चेन खींच कर रोका। क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने [illegible] धावा बोलकर अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया। इस घटना में क्रांतिकारियों द्वारा रूपये 4679-1-6 की धनराशि का खजाना प्राप्त किया था।

इस घटना से क्षुब्ध अंग्रेजी सत्ता ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया, जिसमें शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, शहीद राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद अशफाक उल्ला खां और शहीद रोशन सिंह को फांसी की सजा सुनाई गयी। 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम चार वर्ष की सजा से लेकर अधिकतम कालापानी, आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया गया।

3. दिनांक 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हो रहा है। अतः क्रांतिकारियों के सम्मान में इसे सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त मनाया जाना है। इस अवसर पर जन सहयोग के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निम्नवत् है:-

1. लोगो डिजाइन:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

shasanadesh.up.gov.in

- सूचना विभाग के माध्यम से 'लोगो' का डिजाइन तैयार कराकर जारी कराना।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

2. डाक आवरणः-

- इस अवसर के उपलक्ष्य में डाक विभाग के साथ समन्वय कर डाक आवरण जारी किया जायेगा।

**संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0**

3. काकोरी गाथाः-

- काकोरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित लघु कॉमिक पुस्तिकाओं का प्रकाशन
- उक्त पुस्तिकाओं का डिजिटल संस्करण जारी करना।
- इस घटना से जुड़ी हुई कवितायें एवं कहानी लेखन प्रतियोगितायें।
- चयनित कविताओं/कहानियों का पोडकॉस्ट जारी करना।
- विद्यालयों में ओपेन माइक प्रतियोगिता।
- क्रांतिकारियों पर आधारित आनलॉइन क्विज प्रतियोगिता।

**संस्कृति निदेशालय/माध्यमिक शिक्षा विभाग/ बेसिक शिक्षा विभाग**

4. काकोरी लिटरेचर फेस्टिवलः-

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं स्वतंत्रता आन्दोलन विशेष रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी।
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रसिद्ध इतिहासकारों/विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों/ महा विद्यालयों में संवाद।
- स्वतंत्रता आन्दोलन काकोरी के विशेष संदर्भ में पुस्तकों का विमोचन।
- काकोरी के क्रांतिकारियों पर आधारित किस्सागोई/नाटक
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर सेमिनारों का आयोजन- विश्वविद्यालयों के इतिहास विभाग द्वारा

**संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0/उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0**

5. वृक्षारोपणः-

- काकोरी के शहीदों की याद में प्रत्येक जनपद में शहीद स्मृति वाटिका तैयार करना।

**वन विभाग, उ0प्र0**

6. स्वातंत्र्य : कला रंग :-

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

12. **विशेष आयोजनः-**

- दिनांक 09 अगस्त, 2024 को शाहजहाँपुर एवं लखनऊ (काकोरी) में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का शुभारम्भ के अवसर पर।

**संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0/जिला प्रशासन शाहजहाँपुर/लखनऊ**

4. दिनांक 09 अगस्त, 2024 को कार्यक्रम का शुभारम्भ सम्पूर्ण प्रदेश में जन भागीदारी के साथ किया जाये जिसमें प्रमुखतः लखनऊ (काकोरी), शाहजहाँपुर, बलिया, गोरखपुर (चौरी-चौरा), फिरोजाबाद, अयोध्या, मैनपुरी, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, कानपुर (बिठूर), झांसी, बरेली, सहारनपुर, गोण्डा जनपदों के शहीद स्मारकों पर जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर भव्य आयोजन सुनिश्चित किये जायें। इस हेतु संस्कृति विभाग द्वारा नोडल नामित करते हुए समन्वय स्थापित किया जाये। इसी के साथ अन्य जनपदों में भी आयोजन सुनिश्चित किये जायें। आयोजन की प्रस्तावित रूपरेखा संलग्नक के रूप में प्रेषित की जा रही है।

5. समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के छायाचित्र एवं विवरण संस्कृति विभाग के पोर्टल https://culturalevents.in पर प्रेषित किये जायें।

6. जनपद लखनऊ एवं काकोरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सजीव प्रसारण किया जाये जिसकी व्यवस्था सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा की जाये।

7. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्ष-पर्यन्त जन सहयोग के साथ कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीदों को नमन किया जाये।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
मनोज कुमार सिंह
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश।
5. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
6. निदेशक, संस्कृति/ सूचना एवं जनसम्पर्क/ बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/ उच्च शिक्षा /पर्यटन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव

shasanadesh.up.gov

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

- प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारकों पर ऑनस्पॉट पेन्टिंग एवं शिविर का आयोजन।
- विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/स्कूलों/कालेजों में पेन्टिंग, म्यूरल एवं क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन।

**उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी/शिक्षा विभाग**

7. **स्वातंत्र्य : नाट्य रंग :-**

- स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं एवं शहीदों के जीवन संघर्षों पर आधारित वाचिक परम्परा से जुड़े हुए लोकनाट्यों की प्रतियोगिता।
- शहीद स्थलों एवं शहीद स्मारकों से जुड़ी हुई घटनाओं पर आधारित नाटकों की प्रस्तुतियां।
- ऐसे महापुरुषों एवं वीरों को प्राथमिकता दी जाये जो कि अभी तक अज्ञात एवं अल्पज्ञात श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं।
- नाट्य महोत्सवों का आयोजन।

**भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ**

8. **अभिलेख प्रदर्शनीः-**

- काकोरी की घटना से सम्बन्धित अभिलेखों की स्थाई प्रकृति की प्रदर्शनी तैयार करना।

**उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, लखनऊ**

9. **सांस्कृतिक गतिविधियाँ:-**

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की याद में जन्म दिवस एवं बलिदान दिवस के अवसर पर विशेष राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- सांस्कृतिक शोभा यात्राओं का आयोजन।

**संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0**

10. **सम्मान समारोहः-**

- विशेष अवसरों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान।

**सम्बन्धित जिला प्रशासन**

11. **प्रचार-प्रसारः-**

- काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों का डिजिटल एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग**

https://shasanadesh.up.gov.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

काकोरी ट्रेन एक्शन शुभारम्भ समारोह

दिनांक: 09 अगस्त, 2024

<u>प्रस्तावित कार्यक्रम</u>

| समय | | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| प्रातः 09:00 बजे से 09:45 तक | - | • 100 साइकिल सवार स्वयं सेवकों/विद्यार्थियों द्वारा शहीद स्मृति यात्रा का आयोजन<br>• सभी स्वयं सेवकों/विद्यार्थियों की साइकिलों पर क्रांतिकारियों द्वारा दिये गये लोकप्रिय नारों की कार्ड बोर्ड की पट्टिकायें रहेंगी<br>• सभी वॉलिन्टियर्स तिरंगा के रंगों की टी-शर्ट में रहेगे |
| प्रातः 10:00 बजे से 10:30 तक | - | • मा0 मुख्य अतिथि का आयोजन स्थल पर आगमन<br>• शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि<br>• तिरंगे रंग के 100 गुब्बारे उड़ाकर आयोजन का शुभारम्भ<br>• पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन<br>• काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन |
| प्रातः 10:30 बजे से | - | • मा0 मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगणों का मंचासीन होना<br>• मा0 मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान<br>• काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का शुभारम्भ<br>• काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन<br>• स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान<br>• राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन |
| प्रातः 10:45 बजे से | - | • मा0 मुख्य अतिथि महोदय का उद्बोधन |
| पूर्वान्ह 11:00 बजे से | - | • मा0 मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण का कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान |

-------------

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

# 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव'

**(09 अगस्त - 1925 से 09 अगस्त, 2025)**

**<u>कार्यक्रम स्थलों पर पढ़ने हेतु आलेख</u>**

भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित अनेक ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी की घटना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। 04 फरवरी, 1922 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद में घटित चौरी-चौरा घटना के बाद गाँधीजी द्वारा 11 फरवरी, 1922 को बारदोली (गुजरात) में असहयोग आन्दोलन को स्थगित करने की घोषणा की गयी। इस निर्णय ने क्रान्तिकारी आन्दोलन को पुनः जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के दीवाने क्रान्तिकारी नवयुवक भारतमाता को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिए कटिबद्ध थे। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शहीद चन्द्रशेखर आजाद, शहीद पं0 रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद ठाकुर रोशन सिंह, शहीद अश्फाक उल्ला खाँ, शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, आदि क्रान्तिकारी युवकों ने एक अखिल भारतीय सम्मेलन के बाद अक्टूबर, 1924 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की। इसका उद्देश्य सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से औपनिवेशिक सत्ता को उखाड़ फेंकना और एक संघीय गणतंत्र संयुक्त राज्य भारत की स्थापना करना था। इस संघर्ष को प्रारम्भ करने से पूर्व यह आवश्यक था कि व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, नौजवानों को अपने दल में सम्मिलित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाये एवं हथियारों को एकत्र किया जाये। इसके लिए धन की आवश्यकता थी। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु इन क्रान्तिकारियों ने अंग्रेजी सरकार के खजाने पर कब्जा करने का निश्चय किया। निरंकुश ब्रिटिश सत्ता को चेतावनी देने एवं धन एकत्र करने के निमित्त पहली बड़ी कार्यवाही काकोरी में की गयी। सरकारी खजाना हासिल करने की यह घटना काकोरी-घटना के नाम से प्रसिद्ध है। 09 अगस्त, 1925 को शाहजहाँपुर से लखनऊ आ रही 8-डाउन ट्रेन को काकोरी के निकट रोक कर अंग्रेजी सरकार के रू0 4679-1-6 राशि के खजाने पर क्रांतिकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया। इस घटना ने ब्रिटिश सरकार की नींव हिला दी। प्रतिक्रियास्वरूप ब्रिटिश सरकार ने व्यापक स्तर पर गिरफ्तारियाँ की तथा प्रारम्भिक जाँच के उपरान्त क्रान्तिकारियों पर मुकदमा चलाया गया। इन पर ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध युद्ध की घोषणा करने, राजनैतिक षडयन्त्र रचने, डकैती और हत्या आदि के आरोप लगाये गये। अंग्रेजी सरकार काकोरी के क्रांतिकारियों से इतना खौफ खा चुकी थी कि उसने क्रांतिकारियों को प्रदेश के अलग-अलग जेलों में यथा- शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी को जिला जेल गोण्डा, शहीद रोशन सिंह को जिला जेल प्रयागराज, शहीद अश्फाक उल्ला खां को जिला जेल अयोध्या एवं शहीद राम प्रसाद बिस्मिल को जिला जेल गोरखपुर में रखा गया।

क्रमशः ........2

जेल में क्रान्तिकारियों ने खराब खाना मिलने एवं राजनैतिक बन्दी की श्रेणी प्रदान किये जाने को लेकर 16 दिन का अनशन किया। बाध्य होकर ब्रिटिश सरकार ने इनकी अनेक माँगों को स्वीकार कर लिया। इन क्रान्तिकारियों पर सेशन जज हैमिल्टन की अदालत में मुकदमा चलाया गया। इनकी पैरवी के लिए एक समिति भी बनायी गयी थी। सेशन जज हैमिल्टन ने 6 अप्रैल,1927 को पं0 राम प्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी और रोशन सिंह को फाँसी, शचीन्द्र नाथ सान्याल को आजीवन कालापानी, मन्मथनाथ गुप्त को 14 वर्ष, जोगेश चन्द्र चटर्जी, मुकुन्दी लाल, गोविन्द चरण, राजकुमार सिन्हा, रामकृष्ण खत्री को 10 वर्ष, विष्णु शरद दुबलिश, सुरेश चन्द्र भट्टाचार्य को 7 वर्ष, भुपेन्द्र नाथ सान्याल, रामदुलारे त्रिवेदी, प्रेम कृष्ण खन्ना, बनवारी लाल, प्रणवेश कुमार चटर्जी और रामनाथ पाण्डे को 5 वर्ष कैद की सजा सुनायी। पूरक मुकद्में में अशफाक़ उल्ला खाँ को फांसी एवं शचीन्द्रनाथ बख्शी को आजीवन कारावास की सजा हुयी। शहीद चन्द्रशेखर आजाद को ब्रिटिश सरकार जीवित गिरफ्तार नहीं कर सकी। 27 फरवरी,1931 को आजाद पार्क, प्रयागराज (अल्फ्रेड पार्क, इलाहाबाद) में ब्रिटिश पुलिस के साथ सशस्त्र संघर्ष में चन्द्रशेखर आजाद को वीरगति प्राप्त हुयी।

सेशन जज हैमिल्टन के फैसले के विरूद्ध की गयी अपील में अवध चीफ कोर्ट ने कुछ क्रान्तिकारियों की सजा में वृद्धि कर दी। रामनाथ पाण्डे तथा प्रणवेश चटर्जी की सजा कम की गयी। शेष क्रान्तिकारियों की सजा यथावत रहीं।

पूर्व में यह घटना काकोरी काण्ड के नाम से इतिहास में दर्ज थी। 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजन के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा इसे 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के नाम से सम्बोधित किया गया। वर्तमान में इसे 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के नाम से जाना जाता है। 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ की शुरूआत हो रही है। अतः इसे सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों के साथ मनाया जाना प्रस्तावित है।

आइये देश के शहीदों को नमन करते हुए इस अवसर पर देश प्रति प्राण न्यौछावर करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

--------------